नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : NCRES/71/76/82/21

Date : 6.5.2021

श्रीमान महाप्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– कोविड–19 से बचाव हेतु केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशों का झॉसी वर्कशाप व CMLR द्वारा पालन न किया जाना।

महोदय,

अवगत कराना है कि कोविड–19 का वायरस दूसरे चरण में बेहद खतरनाक रूप से फैल रहा हैं, इसके बचाव के लिए केन्द्र सरकार ने गाइड लाइन जारी किया है और उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान सरकार ने सम्पूर्ण लाकडाउन की घोषणा कर फैल रहे वायरस की चेन को तोड़ने का प्रयास किया है लेकिन खेद के साथ अवगत कराना है कि केन्द्र/राज्य सरकार के दिशा–निर्देशो का पालन CWM/झॉसी द्वारा नहीं कराया जा रहा है जिसके कारण वैगन मरम्मत कारखाना, झॉसी व CMLR के लगभग 10 कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है और ढेर सारे कर्मचारी संक्रमित हो गये है।

यह भी अवगत कराना है कि NCRES के वर्कशाप की शाखाओं द्वारा राज्य सरकार के निर्देशो का पालन सुनिश्चित कराने के लिए बार–बार अनुरोध किया गया लेकिन CWM / झॉसी द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण कर्मचारियों में बहुत आकोश है।

यह भी अवगत कराना है कि केन्द्र/राज्य सरकार के निर्देशो का पालन न कराये जाने के कारण कारखाने के कार्य जैसे – ब्रेक सिलेण्डर फिटिंग, आक्जीलरी रिजर्ववायर, डी.बी. फिटिंग, ड्राफ्ट गियर पैड इत्यादि में कर्मचारियों को एक साथ मिलकर कार्य करना पड़ रहा है जिससे वो और उनके द्वारा उनका परिवार संक्रमित हो रहा है। जबकि कोरोना वायरस की चेन को तोड़ने के लिये उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगाये गये सम्पूर्ण लाकडाउन में उत्तर रेलवे के आलमबाग वर्कशाप और चारबाग लोको वर्कशाप में कार्य नही कराया जा रहा है लेकिन CWM / झांसी द्वारा कारखाने का कार्य बन्द नही कराया गया जिसके कारण कर्मचारियों में बहुत असंतोष है।

NCRES का अनुरोध है कि कोविड–19 के दूसरे खतरनाक संक्रमण से कर्मचारियों को बचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा घोषित सम्पूर्ण लाकडाउन की स्थिति में सिथौली वर्कशाप, झांसी वर्कशाप व CMLR में कार्य न कराया जाय और सम्पूर्ण लाकडाउन समाप्त होने के बाद कोविड–19 के बचाव हेतु केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा जारी निर्देशो का पालन सुनिश्चित कराते हुये कर्मचारियों से कार्य कराने के लिये उचित आदेश जारी करने का कष्ट करे ताकि कर्मचारियों का आकोश खत्म हो सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपि :– (1) प्रधान मुख्य यॉत्रिक इंजीनियर, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज
(2) प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज